भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

विज्ञापन क्रमांक: 01/2025/आरसीएन/231115 दिनांक: 11.07.2025

## भर्ती अधिसूचना

आईसीएमआर, आरसीएन प्रभाग के अंतर्गत पोषण इकाई के कार्य-प्रबंधन के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर **एक परामर्शक (वैज्ञानिक-गैर-चिकित्सा)** की नियुक्ति का प्रयोजन रखता है।

भरे जाने वाले पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **पद** | परामर्शक (वैज्ञानिक-गैर चिकित्सा) |
| | **पद की संख्या** | एक |
| | **कार्य-स्थल** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |
| | **शैक्षणिक अर्हकताएं एवं अनुभव** | खाद्य एवं पोषण/जन स्वास्थ्य पोषण/जन स्वास्थ्य/महामारी विज्ञान/कार्यान्वयन विज्ञान/जैव सांख्यिकी/जीवन विज्ञान में स्नातकोत्तर<br>संबंधित क्षेत्र में योग्यता अर्जित करने के बाद कम से कम 10 **वर्ष का अनुभव** (उपरोक्तानुसार)<br>**नोट:** पीएचडी को 4 वर्ष का अनुभव माना जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि पर ध्यान दिए बिना)।<br>**या**<br>अपेक्षित योग्यता वाले सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों को जो नियमित वेतन स्तर-10 और उससे ऊपर के स्तर में और जिनको अपेक्षित विशेषज्ञता में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो। |
| | **वांछनीय अनुभव** | 1. कार्यान्वयन/प्रचालनात्मक अनुसंधान में अनुभव<br>2. केंद्र/राज्य सरकारों में कार्य करने का अनुभव<br>3. सुदृढ़ परियोजना समन्वय और परियोजना प्रबंधन कौशल<br>4. कंप्यूटर अनुप्रयोगों और सांख्यिकीय पैकेजों का ज्ञान<br>5. विभिन्न क्षेत्रीय स्थानों की यात्रा करने के इच्छुक |
| | **आयु-सीमा** | 40 से 70 वर्ष |
| | **परिलब्धियां** | ₹1,00,000 - ₹1,80,000/- प्रति माह (समेकित) - यह चयन समिति द्वारा शैक्षणिक अर्हकता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।<br><br>सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लिए पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के |

| | |
|---|---|
| | कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-ई.IIIA और समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा। |
| **कार्य की अवधि** | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार अवधि बढ़ाई जा सकती है) |
| **कार्य के प्रकार** | 1. पोषण इकाई के अंतर्गत विभिन्न बहुउद्देश्यीय शोध और कार्यक्रम संबंधी पहलों की गतिविधियों की योजना बनाने, समन्वय और प्रबंधन में सहायता करना।<br>2. मानक प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन की निगरानी करना, समय-सीमा, नैतिक दिशा-निर्देशों और गुणवत्ता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना।<br>3. अन्वेषक, साझेदार संस्थानों और विषय विशेषज्ञों सहित आंतरिक और बाहरी हितधारकों के साथ सहयोग करना ताकि इकाई की पहलों का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो सके।<br>4. चल रहे अध्ययनों, सर्वेक्षणों और पोषण संबंधी कार्यक्रमों से प्राप्त आंकड़ों और सूचनाओं के संकलन, संग्रह और संश्लेषण में सहायता करना।<br>5. डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट, तकनीकी दस्तावेज़, प्रकाशन और नीति, प्रसार और महत्वपूर्ण उपयोग का सार तैयार करने में योगदान देना।<br>6. अनुसंधान कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करना, सभी परिणामों में पद्धतिगत दृढ़ता और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना।<br>7. इकाई के अनुसंधान और कार्यान्वयन का गतिविधियों से संबंधित निगरानी, पर्यवेक्षण और क्षमता निर्माण के लिए आवधिक क्षेत्रीय दौरे करना।<br>8. व्यापक लक्ष्यों और प्राथमिकताओं का समर्थन करते हुए पोषण इकाई या प्रभाग द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्यों को पूरा करना। |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक अभ्यर्थी अपनी अर्हकता और अनुभव प्रमाण-पत्र के साथ अपना आवेदन विज्ञापन की तारीख से 20 दिनों के भीतर nutritionicmr2@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हस्ताक्षर
(दिनेश सोनी)
वरि. प्रशासन अधिकारी
आरसीएन प्रभाग, परिषद मुख्यालय